# समाचार

## आवासगृहों के निर्माण कार्य में तेजी लाएं, समयसीमा में कार्य पूर्ण करें–आयुक्त

### (आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने पी.एम.ए.वाई. आवासगृह निर्माण कार्य प्रगति की समीक्षा की)



कोरबा 25 मई 2019 –आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने अभियंताओं को निर्देश देते हुए कहा है कि पी.एम.ए.वाई. योजनांतर्गत निर्मित कराए जा रहे आवासगृहों के निर्माण कार्य में अपेक्षित गति लाकर निर्धारित समय अवधि में कार्य पूर्ण करें। कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि निर्माण कार्य में गुणवत्तायुक्त सामग्री का उपयोग किया जाए।

आयुक्त श्री एस.के.दुबे ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में कार्यपालन अभियंता एवं योजना के नोडल अधिकारी ए.के. शर्मा तथा अन्य संबंधित अभियंताओं , सी.एल.टी.सी. व पी. एम.सी. आदि की उपस्थिति में पी.एम.ए.वाई. योजनांतर्गत निगम द्वारा निर्मित कराए जा रहे आवासगृहों के निर्माण कार्य की कार्यप्रगति की विस्तृत समीक्षा की तथा कार्यो में गति लाने एवं निर्धारित समयावधि में कार्य पूरा करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। यहां उल्लेखनीय है कि निगम द्वारा योजना के बी.एल.सी.घटक के अंतर्गत 102 आवासगृहों के निर्माण कार्य पूरे कर लिए गए हैं, वहीं 421 आवासगृहों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसी प्रकार योजना के ए.एच.पी. घटक के अंतर्गत प्रथम चरण में 481 आवासगृहों के निर्माण कार्य के तहत रामपुर में 24 एवं लाटा में 32 आवासगृहों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि मुड़ापार में 293 आवासगृहों एवं पटेलनगर में 132 आवासगृहों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। आयुक्त श्री दुबे ने ए.एच.पी.घटक के इन प्रगतिरत आवासगृहों के निर्माण कार्य को 30 जून तक पूरा किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने कहा कि निर्माण कार्य में और अधिक तेजी लाएं, कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान दें तथा निर्धारित की गई समयसीमा में निर्माण कार्य पूर्ण कराएं।

बैठक के दौरान योजना के नोडल अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा के साथ ही सहायक अभियंता एन.के.नाथ, उप अभियंता आकाश अग्रवाल, अश्वनी दास, अभय मिंज, हरिशंकर साहू, अनिल राम, सोमनाथ डहरे, सूडा द्वारा नियुक्त सी.एल.टी.सी. जितेश राठौर, हर्षवर्धन पराशर, हर्ष क्षत्रवाणी, पी.एम.सी. अहसान सिद्दीकी, अजय सिंह, अर्जित सूरराय आदि उपस्थित थे।